भामाशाह टैक्नो हब दिखाएगी नए उद्यमियों को राह : राजे

जयपुर, 23 अगस्त (अशोक): झालाना इंस्टीच्यूशनल एरिया में प्रदेश के नए उद्यमियों के विकास के लिए राजे सरकार की ओर से बनाया गया तकनीकी केन्द्र भामाशाह टैक्नो हब का मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने आज सुबह फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नए व्यवसायियों के लिए बेहद कारगर साबित होगा। इस हब से एक साथ सैंकड़ों नए उद्यमियों को राहत दिखेगी।

यह देश के सबसे बड़े टैक्नो हब है जोकि उद्यमियों के लिए वरदान साबित होगा। इस केन्द्र में एक साथ 700 नए उद्यमी अपनी कारोबारी नीतियों की दशा और दिशा तय कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार स्टार्टअप को प्रोत्साहित कर रही है।

भामाशाह टैक्नो हब का पूरा डिजाइन तैयार किया गया है जोकि देशभर में आकर्षण का केन्द्र बनेगा। 72 करोड़ की लागत से एक लाख स्क्वायर फुट एरिया में तैयार 8 मंजिला टैक्नो हब में लगभग 700 उद्यमियों को न सिर्फ एक स्पेस मिलेगा बल्कि उनके व्यवसाय को चलाने के लिए फंड भी मिलेंगे।

इस मौके पर मुख्य सचिव डी.बी. गुप्ता, आई.ए.एस. मुकेश शर्मा, प्रमुख सचिव अखिल अरोड़ा मौजूद थे।